आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 19.12.2024

समय 1830

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी जिले में लगभग 172 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कहा— सतपुली झील क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगी।
- टिहरी जिले में आज से अंतर्राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्रो और एस.आई.वी. प्रतियोगिता शुरू। क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय ने टिहरी को विश्व का सर्वोत्तम पर्यटन स्थल बनाने पर जोर दिया।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पिथौरागढ़ में लगभग 19 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- और, प्रदेश में सरकारी विभागों और कार्यालयों में आयोजित होने वाले समारोहों व बैठकों के लिए स्थानीय समूहों के उत्पाद खरीदे जाएंगे।

**सीएम पौड़ी दौरा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पौड़ी जिले में करीब 172 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने सतपुली झील का भी शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सतपुली झील क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगी।

इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि राज्य में सड़क, हवाई कनेक्टिविटी के साथ ही बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास किया जा रहा है। पलायन पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे जड़ से खत्म करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। राज्य में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय उद्योगों में भी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की नारी शक्ति हर क्षेत्र में क्रांति ला रही है। नारी शक्ति द्वारा तैयार उत्पादों की विदेशों तक मांग होने लगी है।

## एक्रो उत्सव

टिहरी के कोटी कॉलोनी में आज से टिहरी अंतर्राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्रो और एस.आई.वी. प्रतियोगिता की शुरूआत हो चुकी है। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि टिहरी झील में वाटर स्पोर्ट्स की बहुत संभावनाएं हैं। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि पैराग्लाइडिंग के लिए यह दुनिया का दूसरा सबसे उपयुक्त स्थान है। उन्होंने कहा कि इस झील को दुनिया का नंबर 1 डेस्टिनेशन बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि इस क्षेत्र में ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकें। श्री उपाध्याय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रूस, अर्जेंटीना, टर्की समेत दुनिया के 25 देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## पंचायती राज

कांग्रेस और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने राज्य सरकार से पंचायतों को सशक्त बनाने की मांग की है। देहरादून स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश प्रभारी दीपक राठौर ने कहा कि संविधान के 73वें और 74वें संशोधन अधिनियम– 1992 देश में सत्ता के विकेंद्रीकरण से संबंधित हैं। श्री राठौर ने सरकार से मांग की है कि बजट का आवंटन सीधे पंचायतों को किया जाए, ताकि पंचायतें अपने क्षेत्र की जरूरतों के हिसाब से आगे की कार्रवाई कर सकें।

## अतिक्रमण

देहरादून जिले में अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने अधिकारियों को सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने और विभागीय भूमि बैंक तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व और न्याय विभाग को भूमि विवादों के समाधान के लिए तेजी से कार्य करने के भी निर्देश दिए।

## स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री

स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज पिथौरागढ़ में लगभग 19 करोड़ की 16 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण जल्द पूरा कर लिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज में पहला बैच 2026 में शुरू हो जाए। जिसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को जल्द दूर किया जाएगा।

**स्थानीय उत्पाद**

प्रदेश में सरकारी विभागों और कार्यालयों में आयोजित होने वाले समारोहों व बैठकों के लिए स्थानीय समूहों के उत्पाद खरीदे जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज इसके आदेश जारी किए हैं। मुख्य सचिव की ओर से जारी आदेश में सभी विभागों को राज्य सरकार के विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, बैठकों, समारोहों में उपहार देने के लिए स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के समूहों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ही लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिल सकेंगे।

**चारधाम शीतकालीन यात्रा**

प्रदेश में शीतकालीन चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु चारों धामों के शीतकालीन गद्दीस्थल पर पूजा–अर्चना और दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। उत्तरकाशी भ्रमण पर पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि ये यात्रा चारधामों के शीतकालीन स्थलों पर आध्यात्मिक आनंद लेने की यात्रा है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि शीतकालीन मौसम भी यात्रा के अनुकूल है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं इस यात्रा के माध्यम से देश–दुनिया से श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए आमंत्रित करने में लगे हैं। इस अवसर पर मुखवा क्षेत्र के ग्रामीणों ने रांसो तांदी लोकनृत्य भी प्रस्तुत किया।

**'प्रशासन गांव की ओर'**

ग्रामीण क्षेत्रों में जन सुविधाओं के विस्तार और सरकार व जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए आज से सात दिवसीय ''प्रशासन गांव की ओर'' अभियान की शुरुआत की गयी है। केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत मंत्रालय के तत्वावधान में इस अभियान के तहत देहरादून में विभिन्न गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न विभाग योजनाओं के प्रचार के लिए शिविर लगाएंगे और लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने की व्यवस्था करेंगे। साथ ही ''सरकार जनता के द्वार'' कार्यक्रम के तहत नामित अधिकारी अपने आवंटित गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान सुनिश्चित करेंगे।

**शीतलहर**

चम्पावत समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में सुबह और शाम के समय शीतलहर चलने से ठंड बढ़ गई है। इसके चलते चंपावत के अस्पतालों में निमोनिया के मरीजों की संख्या बढ़ोतरी हुई है। पाला गिरने से साग सब्जी की फसलें भी खराब हो रही है। जिले के अपर जिलाधिकारी हेमन्त कुमार वर्मा ने बताया कि शीत लहर से बचाव के लिए सभी तहसीलों में अलाव जलाये जा रहे हैं। असहायों को कम्बल वितरण करने के साथ ही 5 रैन बसेरों में ठहरने की व्यवस्था की गई है।

**हादसा**

टिहरी जिले में धनोल्टी मार्ग पर एक वाहन के खाई में गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गयी, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात के समय वाहन पार्क करते समय ये हादसा हुआ। घायलों को मसूरी कम्युनिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मसूरी थाना प्रभारी अरविंद चौधरी ने बताया कल देर रात पांच लोग धनोल्टी जा रहे थे।

**निकाय सामान्य 2024**

नैनीताल जिले में स्थानीय निकाय सामान्य निर्वाचन– 2024 के सम्पादन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी निकायों में रिटर्निंग आफिसर, और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की तैनाती कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट वंदना ने सामान्य निर्वाचन 2024 में तैनात सभी अधिकारियों को सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।